

नैनी के हेमवती नंदन महाविद्यालय में सम्मानित होते मुख्य अतिथि • साभार : संस्थान

## रोजगार मेले की तैयारी के लिए छात्रों को दिए टिप्स

**संसू, नैनी :** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की ओर से गुड वर्कर टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गुरुवार को व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित कराया गया, जिसमें मुख्य वक्ता कंपनी के स्टेट मोबिलाइजर प्रभाकर तिवारी ने 19 फरवरी 2022 को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में छात्रों को भीड़ से अलग रहने का मंत्र दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट पर बल दिया। प्लेसमेंट सेल की संयोजक डा.सुवर्णा सरकार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस व्याख्यान में रोजगार समिति के सदस्य डा.स्मिता पाल, डा. अनुभा श्रीवास्तव, डा. पूनम शुक्ला, डा. अर्चना राय, डा. अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# ckus at ler office

## ation



on in
est by
asure,
; with
tions.
ınless
lation
ıation

is received, they will not leave the campus. Clash between protesting students with the police force held. They were raising slogans against AU administration. Around 3pm, angered students closed the main gate of the AU, which disrupted the traffic. Around 5 pm, the officials of the AU administration arrived to talk to the students, but meeting went in vain. No decision has been taken till news was written. The protest by students continued late in evening at AU. The protesting students alleged that when studies have been held online then examination should also be conducted in online mode. They raised anti Au administration slogans. Since announcement of examination date in offline mode students have protested several times, pressurizing for conducting examination in online mode instead of offline mode.

# 'Students should focus on skill development'

**Prayagraj (Naini):** In Hemvati Nandan Bahuguna Government Postgraduate College, a lecture by Prabhakar Tiwari, State Mobilizer of Good Worker Technology Private Limited Prayagraj, on behalf of the placement cell of the college was organized on Thursday. The lecture was organized in the context of the job fair to be organized in the college on February 19th February. This one-day lecture was organized under the direction of Principal of the college, Prof. Sunanda Chaturvedi. Dr. Suvarna Sarkar, convener of the Placement Cell, expressed confidence that maximum number of students would be selected from the college during the job fair.

अमृत प्रभात 18/2/22

# स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान रखें छात्र, मिलेगी सफलता



**नैनी, प्रयागराज (नि.स.)।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से गुड वर्कर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड प्रयागराज के स्टेट मोबिलाइजर प्रभाकर तिवारी का व्याख्यान आयोजित कराया गया। यह व्याख्यान 19 फरवरी को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया। एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुनंदा चतुर्वेदी के निर्देशन में हुआ।प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. सुवर्णा सरकार ने भरोसा व्यक्त किया कि रोजगार मेले में महाविद्यालय से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन होगा। इसके लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने आप को भीड़ से अलग करने का मंत्र दिया और अपनी काबिलियत पर भरोसा करने को कहा। आज के व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्रभाकर तिवारी ने विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट पर बल दिया। कहा कि आने वाला समय तकनीक का समय है। इसलिए हमें टेक्नो फ्रेंडली होना होगा। आपने रिज्यूमे, बायोडाटा और सीवी के अंतर को विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक समझाया। विद्यार्थियों को एक अच्छा रिज्यूमे बनाने के लिए प्रेरित किया। अपने कैरियर को लेकर अपने ऑब्जेक्टिव्स के प्रति सतर्क रहने को कहा और बच्चों को एक अच्छा इंटरव्यू देने का गुर भी बताया। कार्यशाला में अफजल ने विभिन्न कंपनियों में रिक्त पदों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। इस व्याख्यान में रोजगार समिति के सदस्य डॉ. स्मिता पॉल, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, डॉं पूनम शुक्ला, डॉ. अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया समिति की डॉ. अर्चना राय ने दी।

# स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान रखें छात्र, मिलेगी सफलता



**नैनी, प्रयागराज (नि.स.)।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से गुड वर्कर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड प्रयागराज के स्टेट मोबिलाइजर प्रभाकर तिवारी का व्याख्यान आयोजित कराया गया। यह व्याख्यान 19 फरवरी को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया। एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुनंदा चतुर्वेदी के निर्देशन में हुआ।प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ. सुवर्णा सरकार ने भरोसा व्यक्त किया कि रोजगार मेले में महाविद्यालय से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन होगा। इसके लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने आप को भीड़ से अलग करने का मंत्र दिया और अपनी काबिलियत पर भरोसा करने को कहा। आज के व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में प्रभाकर तिवारी ने विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट पर बल दिया। कहा कि आने वाला समय तकनीक का समय है। इसलिए हमें टेक्नो फ्रेंडली होना होगा। आपने रिज्यूमे, बायोडाटा और सीवी के अंतर को विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक समझाया। विद्यार्थियों को एक अच्छा रिज्यूमे बनाने के लिए प्रेरित किया। अपने कैरियर को लेकर अपने ऑब्जेक्टिव्स के प्रति सतर्क रहने को कहा और बच्चों को एक अच्छा इंटरव्यू देने का गुर भी बताया। कार्यशाला में अफजल ने विभिन्न कंपनियों में रिक्त पदों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। इस व्याख्यान में रोजगार समिति के सदस्य डॉ. स्मिता पॉल, डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, डॉ. पूनम शुक्ला, डॉ. अजय मिश्रा आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया समिति की डॉ. अर्चना राय ने दी।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

यूनाइटेड भारत 18/2/22



(नैनी कार्यालय)

नैनी(प्रयागराज)। गुरूवार को हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नैनी प्रयागराज में महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल द्वारा गुड वर्कर टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड प्रयागराज के स्टेट मोबिलाइजर श्री प्रभाकर तिवारी का व्याख्यान आयोजित कराया गया।यह व्याख्यान आगामी १९ फरवरी २०२२ को महाविद्यालय में आयोजित होने वाले रोजगार मेले के संदर्भ में छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सहायता प्रदान करने हेतु आयोजित किया गया। इस एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सुनंदा चतुर्वेदी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।प्लेसमेंट सेल की संयोजक डॉ सुवर्णा सरकार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए यह भरोसा व्यक्त किया कि आगामी १९ फरवरी २०२२ को महाविद्यालय से अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन होगा जिसके लिए उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपने आप को भीड़ से अलग करने का मंत्र दिया और अपनी काबिलियत पर भरोसा करने को कहा। आज की कार्यशाला में आज के इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में श्री तिवारी जी ने विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट पर बल दिया। आपने कहा कि आने वाला समय तकनीक का समय है इसलिए हमें टेक्नो फ्रेंडली होना होगा। आपने रिज्यूमे, बायोडाटा और सी वी के अंतर को विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक समझाया और विद्यार्थियों को एक अच्छा रिज्यूम बनाने के लिए प्रेरित किया। अपने कैरियर को लेकर अपने ऑब्जेक्टिव्स के प्रति सतर्क रहने को कहा और बच्चों को एक अच्छा इंटरव्यू देने का गुर भी आपने बताया। इसी व्याख्यान आगे श्री अफजल ने विभिन्न कंपनियों में रिक्त पदों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी। इस व्याख्यान में रोजगार समिति के सदस्य डॉ स्मिता पॉल, डॉ अनुभा श्रीवास्तव, डॉ पूनम शुक्ला व डॉ अजय मिश्रा समेत पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।